# सीआरपीएफ की सुरक्षा में होगी नीट परीक्षा

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 19 जून. नीट यूजी परीक्षा प्रदेश में पूरी पारदर्शिता और शुचिता के साथ 21 जून को आयोजित होने जा रही है. जिसके लिए प्रशासन द्वारा कड़े और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं.**

बता दें प्रदेश के 30 जिलों में कुल 283 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 बजे तक संचालित होगी. वहीं इस बार परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जा रहा है. जिससे कुल समयावधि 3 घंटे 15 मिनट रहेगी.

### भोपाल में 32 केंद्रों पर सुरक्षा का अभेद्य चक्र

राजधानी को प्राथमिकता पर रखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं. जहां शहर के 32 केंद्रों पर 13 हजार 724 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे. वहीं पेपर लीक की किसी भी संभावना को रोकने के लिए इस बार कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न पत्र पहुंचाने की कमान पुलिस के स्थान पर सीआरपीएफ को सौंपी गई है. साथ ही प्रश्न पत्र लाने और ले जाने वाले वाहनों की निगरानी सीधे जिला प्रशासन के




अधिकारी करेंगें. वहीं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पेपर मे किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिये हैं. इसके साथ ही सभी केंद्रों पर सुचारू रूप से सीसीटीवी कैमरे और जैमर भी सक्रिय रहेंगें.

**3 परतों में होगी सुरक्षा, इंदौर में सर्वाधिक केंद्र**

प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है. बाहरी सुरक्षा में राज्य पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात हैं. जबकि आंतरिक सुरक्षा एनटीए द्वारा नियुक्त एजेंसी संभालेगी. वहीं प्रदेश में सर्वाधिक 57 परीक्षा केंद्र इंदौर में बनाए गए हैं. इसके अतिरिक्त ग्वालियर और जबलपुर में 24, रीवा में 12, बड़वानी में 11, खरगौन व रतलाम में 9 और उज्जैन में 8 केंद्र स्थापित हैं.

### छात्राओं की जांच के लिए महिला पुलिसकर्मी तैनात

केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल, ओआरएस, ग्लूकोज और प्राथमिक उपचार किट के साथ डॉक्टरों की स्वास्थ्य टीम मौजूद रहेगी. छात्राओं की जांच के लिए पर्याप्त महिला पुलिसकर्मी तैनात की गई हैं.

साथ ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों के बैठने के लिए टेंट और कुर्सियों के साथ अभ्यर्थियों के स्टेशन से परीक्षा केंद्र ले जाने और खाने पीने के लिये स्टॉल की व्यवस्था भी पहली बार सरकार की तरफ से की जा रही है.

## हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

**धार.** शहर के औद्योगिक नगरी पीथमपुर में ढाबे पर हुई हत्या के मामले में स्थानीय अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास सुनायी है. आरोपियों की ढाबे पर बाहर से शराब की बोतल ले जाने की बात पर कहासुनी युवक से हो गयी थी, घटना के दौरान युवक की फाइबर ट्रे से मारकर उसकी हत्या कर दी गयी थी. प्रकरण की सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मौत भी हो चुकी है. प्रकरण में शासन की और से पैरवी करने वाले सहायक सरकारी अधिवक्ता (एजीपी) शरद कुमार पुरोहित और जीपी कैलाश यादव ने बताया कि 12 जून 2021 को प्रवीण अपने तीन-चार साथियों के साथ पीथमपुर राउ रोड स्थित अमृतश्री ढाबे पर शाम को खाना



# अब तक केवल 28 .4 मिमी बारिश दर्ज हुई

## 25 जून तक मानसून की दस्तक के आसार

**किसानों की चिंता बढ़ गई है, फसलों की बुवाई प्रभावित**

**भोपाल, 19 जून. मध्य प्रदेश में इस बार मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है. सामान्यतः जून के मध्य तक प्रदेश में प्रवेश करने वाला मानसून अब 25 जून के आसपास पहुंचने की संभावना है.**

मानसून की देरी का असर वर्षा के आंकड़ों पर भी दिखाई दे रहा है. 1 जून से 18 जून के बीच प्रदेश में सामान्य से 39 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है और खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है. इस अवधि में प्रदेश में औसतन 46.8 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी, जबकि अब तक केवल 28.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है. पूर्वी मध्य प्रदेश के कई जिलों में स्थिति अधिक चिंताजनक बनी हुई है. अनूपपुर, बालाघाट, दमोह, मैहर, रीवा, शहडोल, टीकमगढ़, अली राजपुर, बड़वानी, भिंड, दतिया, धार और खरगोन जैसे जिलों में आधा इंच बारिश भी नहीं हुई है. वहीं भोपाल, इंदौर, सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, रतलाम, मंदसौर, श्योपुर, शिवपुरी, सतना और सीधी सहित कई जिलों में 1 से 4 इंच तक वर्षा हुई है, लेकिन कृषि विशेषज्ञ इसे खरीफ बुवाई के लिए पर्याप्त नहीं मान रहे हैं.

मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के 39 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है. भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, छिंदवाड़ा, सिवनी और अन्य जिलों में तेज हवाओं के साथ वर्षा की संभावना जताई गई है. वहीं रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी और झाबुआ सहित कई क्षेत्रों में उमस और गर्मी बनी रह सकती है.

# पहल : निकाय कर्मचारियों को मिला सुरक्षा कवच

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 19 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश के नगरीय निकाय कर्मचारियों और उनके परिवारों को एक बड़ा सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा कवच मिला है.**

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए बताया कि नगरीय निकायों के सेवकों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है. मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017 के दायरे में आने वाले नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर परिषद के कर्मचारियों की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी.

कर्मचारी के बैण्ड वेतन तथा ग्रेड पे के सम्मिलित योग के छह गुना के बराबर की धनराशि अनुग्रह अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख पच्चीस हजार रुपये होगी. यह कल्याणकारी निर्णय एक अप्रैल, 2025 और उसके बाद घटित होने वाले सभी प्रकरणों पर प्रभावशील होगा.

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**नीमच.** जावद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोरवन-रूपपुरा बावड़ी मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक सडक़ हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई. युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे तत्काल उपचार के लिए नीमच जिला अस्पताल ले जाया गया. वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान अंकुर गर्ग के रूप में हुई है. युवक किसी कंपनी या विभाग में कार्यरत था और उसकी बाइक नीमच पंजीयन की थी. यह हादसा मोरवन के समीप रूपपुरा बावड़ी क्षेत्र में हुआ. दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है. सूचना मिलते ही सरवानिया चौकी पुलिस मौके पर पहुंची.

# आदिवासी अधिकारों के लिए लड़ेगी कांग्रेस

## राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 19 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को भाजपा सरकार पर आदिवासी अधिकारों के व्यवस्थित हनन का आरोप लगाते हुए राज्य में आदिवासियों की जमीन, शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मुद्दों पर गंभीर सवाल उठाए.**

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए राष्ट्रपति के हस्तक्षेप की आवश्यकता है. भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में जीतू पटवारी ने भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति के प्रदेश दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि आदिवासियों को 'वनवासी' कहे जाने पर राष्ट्रपति द्वारा जताई गई आपत्ति उनकी संवेदनशीलता और संवैधानिक समझ को दर्शाती है. उन्होंने कहा कि आदिवासी इस देश के मूल निवासी हैं और उनकी अपनी सांस्कृतिक पहचान, परंपराएं तथा संवैधानिक अधिकार हैं.

पटवारी ने दावा किया कि मध्य प्रदेश में लगभग 1.53 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं, लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सबसे अधिक नुकसान इसी वर्ग को हुआ है.

कांग्रेस नेता ने कहा कि 2028 में कांग्रेस की सरकार बनने पर ऐसे सभी भूमि सौदों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और अवैध रूप से हस्तांतरित भूमि आदिवासी मालिकों को वापस दिलाई जाएगी. उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 1.5 लाख हेक्टेयर आदिवासी भूमि खनन और औद्योगिक परियोजनाओं के लिए दी गई, जिससे हजारों परिवार विस्थापित हुए हैं.पटवारी ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की 1.53 लाख बैकलॉग रिक्तियों के लंबित रहने, आदिवासी कल्याण योजनाओं में भ्रष्टाचार तथा आदिवासी महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर भी सरकार को घेरा.

# सरई क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसा, मजदूर की मौत

## सरिया लदा ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, चालक मौके से फरार

▶ टायर फटने से अनियंत्रित हुआ वाहन, जांच में जुटी पुलिस



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 19 जून। सरई थाना क्षेत्र के शिवगढ़-ककरसिहा मार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर पर मजदूरी कर रहे एक श्रमिक की जान चली गई। सरिया लेकर जा रहा ट्रैक्टर अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो कर पलट गया, जिससे उस पर सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया।**

उपचार और बचाव के प्रयासों के बावजूद उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद मृतक के परिजनों हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर वाहन क्रमांक एमपी 66 ए 0726 आज दोपहर करीब 1 बजे सरिया लेकर जा रहा था। इसी दौरान वाहन का टायर फट गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार रामचन्द्र साकेत पिता स्व. सुखान प्रसाद साकेत उम्र 44 वर्ष निवासी अमहाटोला पल्लेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक बच्चूलाल सिंह मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था। उनका यह भी कहना है कि वाहन मालिक अवधेश गुप्ता के ट्रैक्टर के दस्तावेजों और चालक के ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच की जानी चाहिए। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच

# कार पर गोलीबारी करने वाले 5 आरोपियों गिरफ्तार

**मुरैना, 19 जून. जिले के नूराबाद थाना में कार को रोककर उस पर गोलीबारी करने और तोड़फोड़ के मामले में गुरुवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी.**

पुलिस ने बताया कि एक कार रोककर फायरिंग कर उसमें तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा और 315 बोर की राइफल भी बरामद की है. गत पांच जून को शिकायतकर्ता हरेन्द्र गुर्जर निवासी जरेरूआ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने पिता रघुवर और परिजनों के साथ कार से गांव लौट रहा था. तभी बिचौला रोड के पास एक बिना नंबर की काली क्रेटा कार ने उनकी गाड़ी रोक ली. आरोप है कि कार से उतरे मनोज गुर्जर, करुआ उर्फ मोहर सिंह, अरविंद गुर्जर और भूरा ने उन पर गोली चलायी. इसके बाद एक सफेद स्कॉर्पियो से आए भरत गुर्जर, बीरबल उर्फ बीरा, रघुराज गुर्जर तथा दो अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से उनकी कार में तोड़फोड़ की. मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई. पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पांच वांछित आरोपियों को टेकरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया.

# अस्पताल सहायक परीक्षा की तारीख बढ़ी

## 23 जून तक भरेंगें प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट के फार्म

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 19 जून. मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट के लिए आवेदन प्रक्रिया तेजी से चल रही है. बता दें मंडल द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23 जून 2026 है.**

वहीं आवेदन पत्र में संशोधन करने की आखिरी तारीख 28 जून तय की गई है. बता दें कर्मचारी चयन मंडल ने आवेदन के साथ ही परीक्षा की समय सारणी भी स्पष्ट कर दी है. जिसके अनुसार प्रदेश भर में पीएनएसटी की कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षाएं 10 जुलाई से प्रारंभ होंगी. वहीं यह




परीक्षा दो अलग-अलग पालियों में आयोजित की जाएगी. पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी. परीक्षा में शामिल होने के लिए मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र और आधार पंजीयन होना अनिवार्य है.

**वनरक्षक-जेल प्रहरी स्थगित भर्ती परीक्षा आज**

वनरक्षक क्षेत्ररक्षक जेल प्रहरी और सहायक जेल अधीक्षक की स्थगित हुई भर्ती परीक्षा शनिवार को आयोजित की जा रही है. बता दें बीते 7 जून को द्वितीय पाली दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे के दौरान कुछ तकनीकी समस्याएं के कारण परीक्षा स्थगित की गई थी. जिसका आयोजन 20 जून को किया जा रहा है. मंडल द्वारा जारी सूचना के अनुसार परीक्षा पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संपन्न होगी. परीक्षा में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र के साथ ही केंद्र में पहुंचने का निर्देश दिया गया है.

# महिला पटवारी को 5 हजार रिश्वत लेते पकड़ा

**ग्वालियर. लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर ने आज एक महिला पटवारी को 5 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये पकड़ा है.**

महिला पटवारी रेखा शाक्य ग्वालियर में पदस्थ है और एक नामांतरण के लिये 15 हजार रूपये की मांग की थी जिसके लिये वह 3500 रूपये पहले ही ले चुकी थी और आज उसने जैसे ही मंशाराम पुत्र मंगूराम निवासी सिरसौद से 5 हजार रूपये लिये तो लोकायुक्त पुलिस टीम ने पटवारी रेखा शाक्य को दबोच लिया. लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक निरंजनलाल शर्मा ने बताया कि मंशाराम ने शिकायत की थी कि ग्राम गूंधारा में आवेदक की बहन गुडडी की



जमीन का सीमांकन और पत्नी सावित्री बाई के नामांतरण हेतु हल्का पटवारी रेखा शाक्य 15 हजार रूपये मांग रही है. इसके बाद लोकायुक्त पुलिस ने पूरा जाल बिछाया और उसको 5 हजार रूपये लेते हुये धर दबोचा.

## जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, 5 घायल

**सीधी.** सिटी कोतवाली अंतर्गत खैरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है. घटना में पांच लोग जख्मी हो गए हैं. जिसमें एक ही हालत नाजुक है. सभी घायल जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती हैं. जमीनी विवाद को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही थी फिर भी पुलिस कार्रवाई करने से दूरी बनाए थी. खैरा गांव में इसी वजह से जमीनी विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया. खैरा गांव निवासी रजनीश जायसवाल, अनिल जायसवाल एवं छविलाल , प्रमिला, गुड्डू जायसवाल के साथ श्रीभान जायसवाल, शंकरलाल, दिवाकर, सुशीला, रानी, अन्नू जायसवाल द्वारा मारपीट गई है.

# शहनाई के बजने के पहले पहुंच गई पुलिस

## बारात आने की तैयारी के बीच परिजनों को दी समझाइश, खुटार चौकी के कंजी गांव का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 19 जून। जिले में बाल विवाह रोकने की दिशा में पुलिस एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त कार्रवाई से एक अवयस्क किशोरी का विवाह समय रहते रुकवा दिया गया। मामला ग्राम कंजी का है, जहां 16 वर्षीय किशोरी का विवाह 19 जून को कर्थुआ निवासी राहुल पटेल पिता संतोष पटेल के साथ होना तय था।**

एसपी सियाज केएम को सूचना प्राप्त हुई थी कि राजाराम (परिवर्तित नाम) अपनी अवयस्क पुत्री उम्र 16 वर्ष का विवाह कराने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही महिला थाना प्रभारी आराधना सिंह को मामले की जांच के निर्देश दिए गए। साथ ही डीपीओ को भी अवगत कराया गया।



तत्काल कार्रवाई करते हुए सीडीपीओ बिन्दू उइके एवं उनकी टीम ने चौकी प्रभारी खुटार शीतला यादव के सहयोग से ग्राम कंजी पहुंचकर परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

इसके बावजूद विवाह की तैयारियां जारी रहने की सूचना पर 19 जून को पुलिस और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम पुनः गांव पहुंची। जांच के दौरान किशोरी की कक्षा 9वीं की अंकसूची में जन्मतिथि 16 अगस्त 2012 दर्ज पाई गई, जिससे उसकी आयु अवयस्क होना प्रमाणित हुई। इसके बाद अधिकारियों ने परिजनों को समझाइश देकर विवाह रुकवाया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोरी एवं उसकी मां को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# कल से भारत में धीरे-धीरे छोटे होने लगेंगे दिन

**उज्जैन 19 जून . खगोलीय घटना के तहत देश में प्रतिवर्ष 21 जून के बाद उत्तरी गोलार्ध में दिन धीरे-धीरे छोटे होने लगेंगे तथा 23 सितंबर को दिन-रात बराबर होंगे.**

उज्जैन की शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने बताया कि खगोलीय घटना के तहत पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमने (परिक्रमण) के कारण सूर्य हमें कर्क रेखा से मकर रेखा के बीच गति करता हुआ दृष्टिगोचर होता है. परिक्रमण पथ की स्थिति में इस वर्ष 21 जून को उत्तरी गोलार्ध में कर्क रेखा पर लंबवत होगा. 21 जून को सूर्य की क्रांति 23 अंश 26 कला 15 विकाल उत्तरा होगी. उन्होंने बताया कि उज्जैन कर्क रेखा के नजदीक स्थित है अतः 21 जून को स्थानीय समय 12 बजे भारतीय मानक समय 12:28. पर सूर्य कर्क रेखा पर लंबवत स्थिति होने के कारण परछाई कुछ समय के लिए शून्य हो जाएगी.

**नाम सुधार सूचना**

मैं Rashmi Singh Chauhan पत्नी Shri Jitendra Singh Chauhan पुत्री Shri Ranjeet Singh एवं Smt. Shanti Devi निवासी वार्ड नं. 6, पूजा पार्क के पास विदेह निकुंज सीधी मध्य प्रदेश 486661 एतद् द्वारा घोषणा करती हूँ कि शैक्षणिक अभिलेखों (कक्षा 10 की अंकसूची) में मेरा नाम पूर्व में Reshmi Devi दर्ज था। मैंने अपना नाम परिवर्तित कर Rashmi Singh Chauhan रख लिया है तथा भविष्य में सभी अभिलेखों एवं कार्यों में मैं Rashmi Singh Chauhan नाम से ही जानी, पहचानी एवं सभी के द्वारा संबोधित की जाऊँगी।

**कार्यालय नगर परिषद सेमरिया जिला रीवा म.प्र.**

Address-semariya Ward-09, Pin Code-486445
Email-cmosemariya@mpurban.gov.in
क्रमांक/न.परि./2026/81 सेमरिया दिनांक- 10.6.2026

**//इश्तहार मियादी 15 दिवस//**

विषय :- कर पंजी में नाम परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में

उपरोक्त विषय के संबंध में जरिये सूचना सूचित किया जाता है कि श्री रोहणी प्रसाद कुशवाहा पिता श्री रामसहाय कुशवाहा निवासी सेमरिया वार्ड क्र.7 जिला रीवा म.प्र. के निवासी हैं, इनके द्वारा वार्ड क्र.7 स्थिति वार्ड 7 रामसहाय कुशवाहा पिता भागवत प्रसाद कुशवाहा का पक्का मकान नमानतरण किया गया है.श्री रामसहाय कुशवाहा / भागवत प्रसाद कुशवाहा का कर पंजी के सरल क्रमांक 74 में नाम दर्ज है जिसके स्थान पर रोहणी प्रसाद कुशवाहा पिता श्री रामसहाय कुशवाहा का नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया गया है. जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है. उत्तर-संतो, कुशवाहा, पूर्व-सड़क, दक्षिण-लालमन कुशवाहा, पश्चिम: कृष्णचंद कुशवाहा. अतः किसी को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर कार्यालय में उपस्थित होकर अभिलेख सहित आपत्ति करें अग्रिम कार्यवाही की जावेगी. निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.)**

**नाम सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रामकृष्ण पाण्डेय पिता श्री छोटेलाल पाण्डेय निवासी ग्राम भरतपुर पोस्ट भरतपुर, थाना व तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड नंबर 757075032568 में नाम नैन पाण्डेय पिता श्री रामकृष्ण पाण्डेय अंकित है। वहीं पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र एवं अन्य शिक्षण अभिलेख में नाम माधवी पाण्डेय पिता श्री रामकृष्ण पाण्डेय अंकित है जो सही है। जबकि पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम नैन पाण्डेय अंकित हो गया है। आधार कार्ड में पुत्री का नाम सुधार कराने पर आधार कार्ड रिजेक्ट हो जाता है। आधार कार्ड क्रास लिमिट होने के कारण सुधार नहीं हो रहा है। जिससे यह शपथ पत्र प्रस्तुत है, जिसके अनुसार नैन पाण्डेय एवं माधवी पाण्डेय एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरी पुत्री है।

**एनसीएल के 12 वर्ष** विश्वास, विकास और जनकल्याण के पर्याय

# एनसीएल ने 2025-26 में 140 मिलियन टन का किया उत्पादन



नवभारत न्यूज

सिंगरौली 19 जून। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एनसीएल ने पिछले 12 वर्षों में कोयला उत्पादन, प्रेषण, तकनीकी आधुनिकीकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को और सशक्त बनाया है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2013-14 में 68 मिलियन टन वार्षिक कोयला उत्पादन से आगे बढ़ते हुए एनसीएल ने वर्ष 2025-26 में वार्षिक 140 मिलियन टन का ऐतिहासिक उत्पादन दर्ज किया है। इसी अवधि में कोयला वार्षिक प्रेषण 72 मिलियन टन से बढ़कर 137 मिलियन टन तथा विद्युत क्षेत्र को वार्षिक आपूर्ति 67 मिलियन टन से बढ़कर 118 मिलियन टन हो गई है, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा को महत्वपूर्ण मजबूती मिली है। खनन क्षेत्र में तकनीकी उन्नयन को गति देते हुए एनसीएल के पास देश का सबसे बड़ा 23 ड्रैगलाइन वाला बेड़ा है जिसमें हाल ही में स्वर्णा एवं शक्ति जैसी ड्रैगलाइन शामिल हुई हैं। साथ ही विगत वर्षों में 20 क्यूबिक मीटर क्षमता के शोवेल व 190 टन क्षमता के डंपर शामिल किए हैं। एनसीएल ने मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हुए अपने बेड़े में स्वदेशी बीएमएल की 20 क्यूबिक मीटर क्षमता की शोवेल व 190 टन के डंपर भी शामिल किए हैं। विगत 12 वर्षों में कंपनी ने विभिन्न परियोजनाओं में एफएमसी प्रणाली में वार्षिक क्षमता में लगभग 65 मिलियन टन की वृद्धि की है, जिससे कोयला परिवहन अधिक दक्ष एवं पर्यावरण-अनुकूल बना है।

**12 वर्षों में 75 लाख से अधिक पौधरोपण**

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एनसीएल ने पिछले 12 वर्षों में 75 लाख से अधिक पौधारोपण किया है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कंपनी की सौर ऊर्जा क्षमता शून्य से बढ़कर 51.7 मेगावाट तक पहुंच गई है। सामाजिक एवं क्षेत्रीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए एनसीएल ने पिछले 12 वर्षों में 5 हजार से अधिक युवाओं को सीधी भारती के माध्यम से रोजगार प्रदान किया है तथा सीएसआर के माध्यम से 1,370 करोड़ व्यय कर लगभग 10 लाख लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। विश्वास, विकास और जनकल्याण के संकल्प के साथ एनसीएल देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता एवं सतत विकास के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

## पासपोर्ट सत्यापन में एमपी देश में अव्वल

**भोपाल, 19 जून.** नागरिक सेवाओं को त्वरित, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. विदेश मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पासपोर्ट आवेदनों के पुलिस सत्यापन कार्य के प्रदर्शन के आधार पर मध्यप्रदेश पुलिस को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है. नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू भवन में शुक्रवार को आयोजित समारोह में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मध्यप्रदेश पुलिस को 'इंस्टीट्यूशनल परफॉर्मेंस अवॉर्ड फॉर स्टेट पुलिस' से सम्मानित किया. राज्य की ओर से पुलिस उपमहानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) तरुण नायक तथा सहायक पुलिस महानिरीक्षक (विशेष शाखा सुरक्षा) रश्मि मिश्रा ने यह सम्मान ग्रहण किया.